Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction/maintenance of roads and bridges in Jaunpur.

श्री श्याम सिंह यादव (जौनपुर): महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद।

हमारे जिले जौनपुर में सड़कों की हालत बहुत खराब है और उन सड़कों पर चलने से ऐसा महसूस होता है कि जैसे आप ऊँट की सवारी कर रहे हो। उन सड़कों पर नौजवानों के अलावा बूढ़े लोग भी चलते हैं और गर्भवती महिलाएं भी चलती हैं।

कभी-कभी उनके साथ कोई हादसा भी हो जाता है। वैसे तो खराब सड़कों की संख्या बहुत ज्यादा है, लेकिन मैं कुछ सड़कों का नाम आपके समक्ष गिनाऊँगा। मैं आपके माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार से अनुरोध कर रहा हूँ कि अगर उन सड़कों को नई न बनवा सकें तो कम से कम उनकी मरम्मत ही करवा दें। जैसे लोहिन्दा से तेजी बाजार होते हुए पडरी तक, लाला बाजार से छबीलेपुर, सराय मोहद्दी से बिशनपुर, गौसपुर तिराहा से पत्ती नरेंद्रपुर, कुंवरपुर से मधुपुर, बकसा से मधवा वाया लोहिन्दा। मैंने पीडब्ल्यूडी को बहुत बार लिखा, लेकिन इस पर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

महोदय, इसके अलावा मैं जौनपुर की जनता की सहूलियत के लिए कुछ पुलों की भी आपके माध्यम से माँग रख रहा हूँ। जैसे कुंवरपुर से मधुपुर, बकसा से बंधवा वाया लोहिन्दा, लाला बाजार से छबीलेपुर, सराय मोहद्दी से बिशनपुर, गौसपुर तिराहा से पत्ती नरेंद्रपुर, गुरैनी से सोंगर आदि पर पुल बन जाता है तो जनता को बहुत सहूलियत होगी। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।